# निदेशक मंडल



**श्री श्रीनिवासन वरदराजन**
*गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक*

श्री श्रीनिवासन वरदराजन दिनांक 07 नवंबर, 2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंशकालिक गैर- सरकारी निदेशक के साथ-साथ गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रुप में नियुक्त हुए है. आपके पास बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है. वर्ष 2019 में अपनी सलाहकारी सेवाएँ प्रदान करने से पूर्व आपने एक्सिस बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी सेवाएँ दी हैं.

वित्तीय सलाहकार के रूप में, आपने एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय परामर्श फ़र्म, एक सॉवरेन वेल्थ फ़ंड, एक बड़े कॉर्पोरेट समूह, एक एनबीएफ़सी समूह और एक निजी क्षेत्र के बैंक में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं. श्री श्रीनिवासन वरदराजन जेपी मॉर्गन, इंडिया के प्रबंध निदेशक और बाज़ार प्रमुख रहे हैं. आप भारत में जेपी मॉर्गन चेस बैंक के सीईओ भी रहे हैं.

आपने भारतीय रिज़र्व बैंक की विभिन्न समितियों में कार्य किया, जिसमें तकनीकी सलाहकार समिति, रेपो हेतु समिति और पंजीकृत ब्याज और मूल प्रतिभूतियों के अलग कारोबार के लिए समिति (स्ट्रिप्स) शामिल हैं. आप फ़िक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीडीएआई) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं. आप इंडो- यू. के. फाइनेंशियल पार्टनरशिप फोरम के सदस्य भी रहे हैं.

आप कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं तथा भारतीय प्रबंध संस्थान, कोलकाता से प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा किया है.



**सुश्री ए मणिमेखलै**
*प्रबंध निदेशक एवं सीईओ*

सुश्री ए. मणिमेखलै तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ एक दक्ष बैंकर हैं. आपने 1988 में तत्कालीन विजया बैंक में एक अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और सफलतापूर्वक प्रोन्नत होकर क्रमश: शाखा प्रमुख, क्षेत्र प्रमुख और कॉर्पोरेट कार्यालय में विभिन्न विभागों के कार्यात्मक प्रमुख के तौर पर कार्य किया. आपने योजना बनाने, संगठनात्मक लक्ष्य निर्धारित करने, विकास, कार्य योजनाओं, अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण आदि प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाली कार्यनीतिक नीतियों को तैयार करने एवं कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, सुश्री ए. मणिमेखलै केनरा बैंक में कार्यपालक निदेशक थीं, जहां आपने कार्यनीतिक अयोजना, ऋण और संबंधित मामले, निरीक्षण, विपणन और वित्तीय समावेशन, राज्य स्तरीय अग्रणी बैंक की जिम्मेदारियों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्रियाकलापों का नेतृत्व किया. आपने केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक के सफल समामेलन को प्रभावी रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

आपको पांच अन्य कंपनियों के बोर्ड पर निदेशक के रूप में व्यापक अनुभव है, इनमें कैनबैंक फैक्टर्स लिमिटेड, कैनबैंक कंप्यूटर सर्विसेज लिमिटेड, केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शामिल हैं. आप केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की ट्रस्टी भी रह चुकी हैं.

भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न समितियों और कार्य समूहों में एक सदस्य के रूप में आपने नीति निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान दिया है, जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए भविष्य के रोड मैप को तैयार करना, वित्तीय समावेशन, कृषि मूल्य-श्रृंखला वित्तपोषण, बैंकिंग संवाददाता मुद्दे और हेल्थ केयर और शिक्षा के लिए निर्बाध ऋण प्रवाह के लिए तालमेल बनाना शामिल है.

सुश्री ए. मणिमेखलै ने बेंगलूरु विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (विपणन) और नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस), मुंबई से मानव संसाधन प्रबंधन में डिप्लोमा किया है. आपने देश की प्रमुख संस्थानों में आयोजित विभिन्न कार्यपालक विकास कार्यक्रमों में भाग लिया है और साथ ही आप इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स से एक प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी) भी हैं.



**श्री नितेश रंजन**
*कार्यपालक निदेशक*

श्री नितेश रंजन ने वर्ष 2021 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक का पदभार संभाला है. आप एक बेहतर ग्राहक अनुभव, कर्मचारी जुड़ाव और सशक्त तुलन पत्र की दिशा में बैंक में डिजिटल रूपांतरण का नेतृत्व कर रहे हैं. कारोबार के परिणाम को बढ़ाते हुए, आप बैंक में जोखिम और अनुपालन मानकों को निरंतर सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

श्री रंजन सन 2008 से बैंक से जुड़े हुए हैं जहां आपने ट्रेजरी परिचालन एवं बिज़नेस स्ट्रेटजी प्रमुख, मुख्य निवेशक संबंध अधिकारी, मुख्य अर्थशास्त्री तथा क्षेत्र प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों को संभाला है.

आप भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), सुड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और स्विफ्ट इंडिया डोमेस्टिक प्राइवेट लिमिटेड; तथा पीएसबी सुधार पर आईबीए संचालन समिति के सदस्य भी हैं. आप इससे पूर्व एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड, एफ़आईएमएमडीए (भारतीय नियत आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्न संघ) और यूबीआई सर्विसेस लिमिटेड के बोर्ड पर थे. आप भारतीय विदेशी मुद्रा समिति (आईएफ़एक्ससी) के संस्थापक सदस्य भी रह चुके हैं.

श्री नितेश रंजन अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर हैं. आपने आईबीए एवं एगोन जेंहडर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के परामर्श में तथा बैंक बोर्ड ब्यूरो (अब एफ़एसआईबी) द्वारा विकसित आईआईएम बेंगलूरु से नेतृत्व विकास कार्यक्रम भी पूर्ण किया है. आपने टीच इंडिया पहल के तहत, वंचित वर्ग के युवाओं हेतु 'स्पोकेन इंग्लिश प्रोग्राम' के लिए 100 दिन समर्पित किया है.



**श्री रजनीश कर्नाटक**
*कार्यपालक निदेशक (28.04.2023 तक)*

श्री रजनीश कर्नाटक पंजाब नैशनल बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक पद पर कार्यरत थे. आपने वाणिज्य (एम.कॉम) में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की तथा आप इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोसिएट (सीएआईआईबी) हैं.

आपको बैंकिंग क्षेत्र में 27 वर्ष का गहन कार्यानुभव है और आपने अनेक शाखाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों का भी कार्यभार संभाला है. पूर्ववर्ती ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के महाप्रबंधक के रूप में, आप लार्ज कॉर्पोरेट क्रेडिट शाखाओं तथा वर्टिकल जैसे ऋण अनुश्रवण, डिजिटल बैंकिंग और मिड कॉर्पोरेट ऋण के प्रभारी थे. ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के पंजाब नैशनल बैंक में समामेलन के पश्चात, आप पंजाब नैशनल बैंक में ऋण अनुश्रवण प्रभाग और कॉर्पोरेट क्रेडिट प्रभाग के प्रमुख रहे हैं.

आपने आईआईएम-कोझिकोड और जेएनआईडीबी हैदराबाद द्वारा आयोजित विविध प्रशिक्षण तथा नेतृत्व विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है.

साथ ही, आप आईएमआई (अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान) दिल्ली के अग्रिम प्रबंधन कार्यक्रम में सहभागी रहे हैं. आईआईएम बैंगलोर एवं ईगोन जेंडर के नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए एफ़एसआईबी (पूर्व बीबीबी) द्वारा चयनित वरिष्ठ अधिकारियों के प्रथम बैच में आपका चयन हुआ था. आप परियोजना निधिकरण तथा कार्यशील पूंजी निधिकरण, ऋण जोखिम की विशेष योग्यता के साथ जोखिम प्रबंधन व ऋण मूल्यांकन कौशल में दक्ष हैं.

श्री कर्नाटक ने पंजाब नेशनल बैंक की ओर से पीएनबी हाउसिंग फ़ाइनेंस लिमिटेड तथा इंडिया एसएमई एसेट रिकन्स्ट्रकशन कंपनी लिमिटेड के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं. आपने आईएएमसीएल (आईआईएफ़सीएल एसेट प्रबंधन कंपनी लिमिटेड) में पंजाब नैशनल बैंक की ओर से बोर्ड ट्रस्टी के रूप में भी कार्य किया है.

आप वर्तमान में यूबीआई सर्विसेस लिमिटेड के नामित निदेशक के पद पर कार्यरत हैं. आपने लंदन स्थित बैंक की सहायक कंपनी यूबीआई (यूके) लिमिटेड के बोर्ड में गैर स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक के रूप में भी कार्य किया है तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट (आईआईबीएम) गुवाहाटी के गवर्निंग बोर्ड के भी आप सदस्य हैं.



**श्री निधु सक्सेना**
*कार्यपालक निदेशक*

श्री निधु सक्सेना ने दिनांक 01.02.2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है.

54 वर्षीय श्री निधु सक्सेना वाणिज्य स्नातक हैं और आपने सीएआईआईबी योग्यता के साथ व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर भी किया है. आपने अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत बैंक ऑफ बड़ौदा से की थी और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व आपने यूको बैंक में भी कार्य किया है.

आप यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सर्विसेज लिमिटेड में निदेशक हैं. आप एनआईबीएम अकादमिक काउंसिल के भी सदस्य हैं तथा आपको यूपीएससी सलाहकार पैनल में विषय विशेषज्ञ के रूप में सूचीबद्ध किया गया है. पेशेवर सदस्यता के बीच, आप खुदरा बैंकिंग एवं एमएसएमई पर भारतीय बैंकिंग संघ की स्थायी समितियों के पूर्व सदस्य रहे हैं.

आपने अपने पूरे बैंकिंग करियर के दौरान एनआरआई विशेषीकृत शाखा, केंद्रीयकृत रिटेल हब तथा केंद्रीय कार्यालय एवं प्रशासनिक कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर कार्य किया है. आपने यूको बैंक में शाखा प्रमुख तथा अंचल प्रमुख सहित विभिन्न भूमिकाओं में कार्य किया है. आप रिटेल ऋण, एमएसएमई तथा बैंक-बीमा कारोबार के शाखा प्रमुख, अंचल प्रमुख के रूप में कार्यरत थे.



**श्री रामसुब्रमणियन एस.**
*कार्यपालक निदेशक*

श्री रामसुब्रमणियन एस. ने दिनांक 21 नवंबर, 2022 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ने से पहले, आप केनरा बैंक में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे. आपको बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कॉर्पोरेट क्रेडिट, एमएसएमई, खुदरा ऋण, अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट एवं फॉरेक्स में 25 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है. आप विज्ञान में स्नातक हैं और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स से एक प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी) अर्हता प्राप्त हैं.

आपने अपने पूरे बैंकिंग करियर के दौरान विभिन्न क्षमताओं के तहत परिचालन एवं प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों का प्रभावी ढंग से नेतृत्व किया है. आपने केनरा बैंक की हाँगकाँग शाखा में एक कार्यकाल सहित प्राइम कॉर्पोरेट क्रेडिट विंग, लार्ज कॉर्पोरेट, मिड कॉर्पोरेट शाखाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण नेतृत्व की भूमिका निभाई है. भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने क्रेडिट में आपकी विशेषज्ञता और अमूल्य अंतर्दृष्टि को मान्यता दी है; आप पूर्व में कॉर्पोरेट ऋण की स्थायी समिति के भी सदस्य है. आपको कोविड संबंधी ऋण पुनर्रचना पर कामत समिति में भी नामित किया गया है.



**श्री समीर शुक्ला**
*सरकार द्वारा नामित निदेशक*

श्री समीर शुक्ला, कर्नाटक कैडर के 2005 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं.

वर्तमान में, आप वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में आपको दिनांक 08.11.2021 से सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है. आपने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक किया है.

### भारत सरकार में आपका कार्यानुभव

इससे पूर्व, आपने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय एवं इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार में भी कार्य किया है

### कर्नाटक सरकार में आपका कार्यानुभव

» बीदर, धारवाड़ एवं बल्लारी जिले में उपायुक्त एवं जिलाधिकारी

» ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला पंचायत, रायचूर

» उद्योग विभाग में मैसूर मिनीरल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक

» ग्रामीण विकास में मिशन निदेशक

» कौशल विकास, उद्यमिता एवं आजीविका विभाग में आयुक्त

आपने आईएएस के रूप में सरकारी सेवा में नियुक्त होने से पूर्व एचसीएल इंफोसिस्टम, निजी क्षेत्र में नेटवर्क इंजीनियर के रूप में भी कार्य किया है.



**श्री अरुण कुमार सिंह**
*आरबीआई द्वारा नामित निदेशक*

श्री अरुण कुमार सिंह वर्तमान में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय मुंबई के प्रमुख है, जो बैंक में तकनीकी विकास, विशेष रूप से मुद्रा प्रबंधन, सरकारी बैंकिंग भुगतान प्रणाली, साइबर सुरक्षा, डाटा सेंटर उन्नयन, आंतरिक अनुप्रयोग, आईटी अवसंरचना आदि क्षेत्रों का नेतृत्व कर रहे हैं.

आपको भारतीय रिजर्व बैंक में सरकारी बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, गैर-बैंकिंग एवं बैंकिंग पर्यवेक्षण, बैंकिंग विनियमन, मौद्रिक नीति, सूचना प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में विभिन्न क्षमताओं में कार्य करने का समृद्ध अनुभव है. आप गैर- बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के विनियमन एवं पर्यवेक्षण एवं पर्यवेक्षण कार्य से लंबी अवधि तक जुड़े रहे हैं. आपने विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों हेतु प्रधान निरीक्षक अधिकारी / वरिष्ठ पर्यवेक्षी प्रबंधक के रूप में कार्य किया है तथा आप प्रक्रिया एवं विकास से संबंधित जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) के साथ-साथ बैंकों की आस्ति गुणवत्ता समीक्षा (एक्यूआर) से जुड़े रहे हैं. आप बैंकों की नियामक नीति तैयार करने में विभिन्न क्षमताओं से शामिल रहे हैं. आपने एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में नामित निदेशक के रूप में भी सेवाएँ प्रदान की हैं तथा आपने मौद्रिक नीति निर्माण प्रक्रिया के तहत नियामक एवं विकास मामलों में सहायता प्रदान की है. आप अपने मौजूदा कार्यभार से पूर्व तीन वर्षो [2019-22] के लिए राजस्थान में क्षेत्रीय निदेशक के पद पर कार्यरत थे तथा राजस्थान राज्य में मुद्रा प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग / गैर-बैंकिंग विकास, सरकारी बैंकिंग आदि के क्षेत्र में केंद्रीय बैंकिंग का निर्वहन किया है.

श्री अरुण कुमार सिंह ने अर्थशास्त्र में स्नातक तथा वित्त एवं मानव संसाधन में एमबीए की शिक्षा प्राप्त की है. आप भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीआईआईबी) भी हैं.

# निदेशक मंडल



**श्री सूरज श्रीवास्तव**
*अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक*

श्री सूरज श्रीवास्तव भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के सह सदस्य हैं तथा विधि स्नातक (एलएलबी) भी हैं.

श्री श्रीवास्तव को कराधान एवं लेखा परीक्षा में चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में 16 वर्षों से अधिक का कार्य अनुभव रहा है और आपने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य कंपनियों में वैधानिक ऑडिट, समवर्ती ऑडिट और शाखा ऑडिट किए हैं.

श्री श्रीवास्तव ने आईसीएआई से सूचना प्रणाली ऑडिट (आईएसए) मूल्यांकन परीक्षण भी पूर्ण किया है.



**श्री लक्ष्मण एस उप्पर**
*अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक*

श्री लक्ष्मण एस उप्पर ने 21 मार्च, 2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है.

श्री उप्पर इंजीनियरिंग में स्नातक हैं. आप एक प्रसिद्ध शिक्षाविद, जनहितैषी और कर्नाटक क्लासिक एज्यूकेशन प्राइवेट लिमिटेड, धारवाड़ के संस्थापक है. आपने वर्ष 2012 से स्पर्धा स्फूर्ति पब्लिशर्स एवं प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, धारवाड़ की भी शुरुआत की है, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तकों एवं पत्रिकाएँ प्रकाशित करता है.

वर्तमान में आप क्लासिक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और क्लासिक लिटिल बड्स, क्लासिक पीयू एवं डिग्री कॉलेज, धारवाड़ के अध्यक्ष हैं.

श्री उप्पर अनाथालय केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों एवं धार्मिक संगठनों को दान प्रदान करने के साथ ग्रामीण एवं गरीब तबके के छात्रों को भी मदद कर रहे हैं.

श्री उप्पर को शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उनकी सेवाएँ प्रदान करने के लिए कई राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है



**डॉ. जयदेव मदुगुला**
*शेयरधारक निदेशक*

डॉ. जयदेव मदुगुला को दिनांक 28 जून, 2021 से तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है. आपने कॉमर्स में स्नातकोत्तर और बिजनेस मैनेजमेंट में पीएचडी किया हैं. वर्तमान में, आप आईआईएम बेंगलूरु में वित्त एवं लेखांकन के प्रोफेसर हैं.

डॉ. जयदेव को न केवल भारत की प्रमुख संस्थाओं में बल्कि विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों में भी एक अतिथि प्रोफेसर के रूप में अध्यापन का पर्याप्त अनुभव है. आपने विभिन्न पुस्तकों का प्रकाशन किया है और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में आपने शोध संबंधी लेखों का प्रकाशन किया है तथा आपने वित्त एवं बैंकिंग के क्षेत्र में विभिन्न पुरस्कार एवं प्रशंसा अर्जित की है. आप 28 जून, 2018 से 27 जून, 2021 तक बैंक के शेयरधारक निदेशक के पद पर कार्यरत थे.



**श्रीमती प्रीति जय राव**
*शेयरधारक निदेशक*

श्रीमती प्रीति जय राव कंप्यूटर विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ आईआईटी मुंबई से एमएससी (गणित) हैं. आप व्यावसायिक मूल्य के साथ प्रौद्योगिकी उन्नयन को बढ़ाने की समर्थक रही हैं और मानव संसाधन और मुख्य रूप से लिंग पर केंद्रित विविधता, इक्विटी और समावेशन को बढ़ाने पर ज़ोर देती हैं.

आपको सभी पाँच महाद्वीपों में स्थित ग्राहकों को विभिन्न आईटी सेवाएं प्रदान करने में 24 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है. इंफ़ोसिस में प्रबंधन परिषद सदस्य और पुणे प्रमुख में अपने कार्यकाल के दौरान, आपने टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेस (आईएमएस) व्यवसाय और सॉफ्टवेयर सेवाएं सुपुर्दगी और बड़े पैमाने पर भर्ती, प्रशिक्षण और व्यापक कर्मचारी आधार को आत्मसात करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

आप एक डायनमिक उद्यमी हैं, जिन्होनें एक ऐसा संगठन बनाया है, जो भारत में गुणवत्तापूर्ण चाइल्डकेयर की कमी को पूरा करता है, आपके पास उन अनुभवी महिलाओं के लिए अवसर हैं, जो घर और करियर के बीच संतुलन बनाना चाहती हैं.

आप वंचित पृष्ठभूमि से योग्य प्रतिभाशाली युवा लड़कियों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, परामर्श, अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करने के मिशन के साथ विभिन्न सीएसआर गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है ताकि उन्हें मजबूत मूल्यों के साथ सशक्त, आत्मविश्वासी पेशेवरों के रूप में विकसित किया जा सके साथ ही आप आत्मजा फाउंडेशन की चेयरपर्सन और संस्थापक भी है. वर्तमान में यह फाउंडेशन 300 अनाथ लड़कियों को पेशेवर शिक्षा प्रदान करने में सहयोग प्रदान कर रही है.

आप पिछले कई वर्षों से प्रौद्योगिकी सेवाओं और उत्पादों के विभिन्न पहलुओं से संबंधित सार्वजनिक और निजी कंपनियों के निदेशक मंडल की सदस्य हैं.